दिनांकः 29.03.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- राजस्थान दिवस के सिलसिले में आज कोटा में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव और युवा सम्मेलन आयोजित–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा युवा देश की प्रगति का आधार।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा–आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देना सभी की नैतिक जिम्मेदारी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से **''मन की बात''** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- चैत्र नवरात्र कल से– देवी के विभिन्न स्वरूपों की आराधना की जाएगी।
- मौसम में बदलाव से प्रदेश के ज्यादातर स्थानों पर तापमान में गिरावट।

0000

राजस्थान दिवस पर हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज कोटा में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव और युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में हुए इस समारोह में 7 हजार 800 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं का राशि हस्तांतरण और शुभारंभ किया गया। स्कूली विद्यार्थियों को तीन सौ करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांरित की गई। मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान की शुरूआत हुई। स्किल और युवा नीति का विमोचन किया गया। वहीं अटल ज्ञान केन्द्र, नशा मुक्ति केन्द्र और निजी क्षेत्र में रोजगार पर वित्तीय सहायता योजना और द्रौणाचार्य पुरस्कार विजेताओं को भूमि आवंटन के लिए दिशा निर्देश जारी किये गये। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवा देश की प्रगति का आधार हैं। श्री शर्मा ने युवाओं से राजस्थान को विकसित बनाने के साथ–साथ देश को भी विकास की राह पर ले जाने का आह्वान किया।

....................

समारोह को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि प्रदेश की नई युवा नीति ने नया सपना और नया दृष्टिकोण दिया है। उन्होंने कहा कि इस नीति के तहत कौशल विकास के जरिये हर गांव के युवा को आत्मनिर्भर बनाया जायेगा।

....................

विभिन्न जिला मुख्यालयों पर भी आज रोजगार मेले और प्लेसमेंट शिविर लगाये गये। राजस्थान दिवस साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज जयपुर में रन फॉर फिट राजस्थान का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेताओं को सम्मानित किया और नौ अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को भूमि आवंटन पट्टे वितरित किये। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में हो रहे कार्यक्रमों की श्रृखला में आज जयपुर में भक्ति प्रवाह संध्या रखी गयी है। जवाहर कला केन्द्र में होने वाले इस आयोजन में आयोजन की थीम भक्ति से राष्ट्र भक्ति रखी गयी है। इसमें पण्डित आलोक भट्ट और उनके साथी कलाकार प्रस्तुति देगें। वहीं राजस्थान उत्सव के तहत केन्द्र में फोटो प्रदर्शनी भी लगायी गयी है। 28 मार्च से शुरू हुई यह प्रदर्शनी 31 मार्च तक चलेगी। पर्यटन विभाग की ओर से आज और कल **नेचर हाईक** कार्यक्रम रखा गया है। राजस्थान दिवस पर कल राजधानी जयपुर के अल्बर्ट हॉल पर भव्य सांस्कृतिक समारोह का आयोजन होगा। स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के सभी स्मारको और संग्राहालयों को आकर्षक रोशनी से सजाया जायेगा। लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी वही देशी–विदेशी पर्यटकों के लिए प्रवेश निशुल्क रहेंगा। 31 मार्च को जयपुर में निवेश सम्मेलन आयोजित किया जायेगा।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि सामूहिक प्रयासों के माध्यम से ही पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन संभव है। राष्ट्रपति ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेंलन–2025 का उद्‌घाटन करते हुए यह बात कही। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि आने वाली पीढियों को स्वच्छ वातावरण विरासत में देना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

..................

राष्ट्रीय हरित अधिकरण की ओर से आयोजित इस सम्मेलन में विभिन्न सत्रों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण नियंत्रण, जैव विविधता संरक्षण और सतत विकास सहित अन्य मुद्‌दो पर विचार–विमर्श किया जा रहा है।

000

महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय का बारहवाँ दीक्षांत समारोह आज आयोजित गया। समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने विद्यार्थियों को चालीस स्वर्ण पदक और साठ शोध उपाधियां प्रदान की। इसके अलावा सत्र 2023–24 के लिए चौरानवे हजार 608 डिग्रियां दी गईं। इस अवसर पर राज्यपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से बौद्धिक क्षमता पर विश्वास रखते हुए जीवन में सफलता हासिल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी भी मौजूद रहे। इसके बाद राज्यपाल अपने दो दिन के दौरे पर पाली पहुंचे। उन्होंने जिला परिषद सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। राज्यपाल का देसूरी के सोनाणा खेतलाजी में आयोजित समारोह में भाग लेने का कार्यक्रम है।

000

.....................

**000**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कार्यक्रम के लिए बड़े पैमाने पर सुझाव मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि ये सुझाव सामाजिक भलाई के लिए सामूहिक प्रयासों की शक्ति को दर्शाते हैं। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

000

चैत्र नवरात्र कल से शुरू होंगे। इसके लिए घरों और मन्दिरों में घट स्थापना की जाएगी। मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा की जाएगी। कल से ही हिन्दी नव वर्ष की शुरूआत होगी। साथ ही कल भगवान झूलेलाल की जयंती भी मनाई जायेगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को चेटीचंट की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि भगवान झूलेलाल ने सामाजिक सद्‌भाव, त्याग, समर्पण और अहिंसा जैसे मानवीय मूल्यों से समाज को उन्नति की राह दिखाई। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन होगें।

.........................

प्रदेश के प्रमुख शक्तिपीठों और माता मन्दिरों पर चैत्र नवरात्रि मेले भर रहे है। करौली में चल रहे कैला देवी के मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का पहुंचने का सिलसिला जारी है। प्रशासन की ओर से उनकी सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इन्तजाम किये गये है। पाली में राजकीय बागड़ स्कूल में हिन्दू नववर्ष मेला आज से शुरू हुआ। दो दिन के इस मेले में विभिन्न धार्मिक झांकियां आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं। उधर बाड़मेर के सेड़वा में शनि अमावस्या के अवसर पर गुरू जम्भेश्वर मेला भर रहा है। मेले में आस–पास के गांवो के विश्नोई समुदाय के लोग पहुंचे हैं। वहीं रमज़ान का महीना भी अपने अंतिम पड़ाव में पहुंच गया है। बाजारों में ईद उल फित्र की तैयारियों की रौनक है। कल चांद दिखने पर ईद का पर्व 31 मार्च को मनाया जाएगा।

000

मौसम में आये बदलाव के कारण पिछले 24 घंटों में राज्य के कई भागो में दिन के तापमान में ने 3 से 7 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। साथ ही रात का पारा भी 2 से 5 डिग्री गिरा है। बीती रात कुछ स्थानों पर तापमान 12 डिग्री से नीचे मापा गया। राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर आज भी बादल छाए

रहे। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आगामी 24 घंटो में तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नही है। इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी के आसार हैं। वहीं राज्य के दक्षिण–पूर्वी क्षेत्रों में 31 मार्च से 3 अप्रैल को बादल छाए रह सकते है। उदयपुर–कोटा संभाग में 2 और 3 अप्रैल को हल्की बारिश के आसार है।

000

राज्य में गुमशुदा बच्चों की तलाश के लिए 01 अप्रैल से अभियान चलाया जायेगा। राजस्थान पुलिस की ओर से 30 अप्रैल तक चलने वाले ऑपरेशन खुशी अभियान के तहत गुमशुदा नाबालिग बच्चों को तलाशा जायेगा। एक रिपोर्ट

.........................

000

आई.पी.एल. क्रिकेट में आज गुजरात टाइटन्स का मुकाबला मुम्बई इंडियंस से होगा। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में यह मैच शाम सात बजकर तीस मिनट से खेला जाएगा। दोनों ही टीमों को अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। गुजरात टाइटन्स को पंजाब किंग्स ने जबकि मुम्बई इंडियंस को चेन्नई सुपर किंग्स ने हराया था।

000

मुख्य समाचार एक बार फिर –

- राजस्थान दिवस के सिलसिले में आज कोटा में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव और युवा सम्मेलन आयोजित–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा युवा देश की प्रगति का आधार।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा–आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देना सभी की नैतिक जिम्मेदारी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से **''मन की बात''** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- चैत्र नवरात्र कल से– देवी के विभिन्न स्वरूपों की आराधना की जाएगी।
- मौसम में बदलाव से प्रदेश के ज्यादातर स्थानों पर तापमान में गिरावट।